न्यायालय उप-जिला कलक्टर, दौसा

वि.प्र. = 06/2021, प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म की नकल में जारी हुई
19-12-25	आज पीठासीन अधिकारी महोदय राजकार्य में व्यस्त/अवकाश पर होने से मत आदेश की पालना में पत्रावली दिनांक 27-2-26 को पेश हो।	
27-2-26	पीठासीन अधिकारी महोदय कार्य में व्यस्त/अवकाश पर होने से मत आदेश की पालना में पत्रावली दिनांक 25-3-26 को पेश हो।	
25-3-26	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी को बार-2 आवाज लगवाई गई किन्तु उपस्थित नहीं हुए। पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र स्थानांतरण श्री रणजीत सिंह गोदारा उपखण्ड अधिकारी सिकराय के विरूद्ध पेश किया गया है। तत्कालीन पीठासीन अधिकारी न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सिकराय श्री रणजीत सिंह गोदारा का स्थानान्तरण हो चुका है। ऐसी स्थिति में प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण सारहीन होने से इसी स्तर पर खारिज किये जाने योग्य है। उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी चिरंजीलाल पुत्र रामस्वरूप जाति ब्राह्मण निवासी गोगडवाडी तहसील सिकराय द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्थानांतरण उनवाली चिरंजीलाल बनाम धरमोद.व अन्य खारिज किया जाता है। पत्रावली के नल शुमार की जाकर नम्बर से कमधि होने बाद पूर्ति प्रविष्ट अभिलेखागार की जावे। विदित आज दिनांक 25-3-2026 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया।	

25/3/26

अरविन्द शर्मा
अति. जिला कलक्टर
दौसा (राज.)

अज अदालत

किस्म मुकदमा

तारीख हुक्म	